दैनिक भास्कर 04/02/2023

# डॉ. रोहित को जीएमएन कॉलेज के प्रिंसिपल का कार्यभार

**अम्बाला** | डॉ. रोहित दत्त ने शुक्रवार को जीएमएन कॉलेज के नए प्रिंसिपल के पद का कार्यभार संभाला। डॉ. रोहित दत्त जीडी गोयनका विश्वविद्यालय में मेडिकल व एलाइड साइंसेज के डीन रह चुके हैं। कॉलेज प्रबंधक समिति के प्रधान डॉ. गुरदेव सिंह, उपप्रधान केजे एस भलाया, महासचिव अजय अग्रवाल, कोषाध्यक्ष आलोक गुप्ता, कॉलेज ट्रस्ट एवं सोसायटी के प्रधान जसवंत राय जैन, प्रबंधक समिति के सदस्य ब्रिगेडियर डॉ. राहुल त्रेहन, सचिव देव सरुप माथुर और सभी स्टाफ सदस्यों ने नवनियुक्त प्रिंसिपल डॉ. रोहित का अभिवादन किया। डॉ. रोहित दत्त के पास शिक्षण के अलावा शोध के क्षेत्र में भी कई सालों का अनुभव है। उनके राष्ट्रीय व अतंरराष्ट्रीय स्तर पर 100 से अधिक शोध पत्र प्रकाशित हो चुके हैं। बुखारा स्टेट मेडिकल यूनिवर्सिटी उज्बेकिस्तान ने डॉ. रोहित दत्त को मानद प्रोफेसर की उपाधि से अलंकृत किया। उनके 2 कंसल्टेंट प्रोजेक्ट डयूस्टो विश्वविद्यालय, स्पेन में उच्च शिक्षा में गुणवत्ता के लिए चल रहे है।

